**भारत सरकार**
**वित्त मंत्रालय**
**आर्थिक कार्य विभाग**
**लोकसभा**
**अतारांकित प्रश्न सं. 1127**
**(जिसका उत्तर सोमवार दिनांक 10 फरवरी, 2025/21 माघ,1946 (शक) को दिया जाना है।)**

**एनआईआईएफ की स्थापना**

**1127. श्री रवीन्द्र शुक्ला उर्फ रवि किशनः**

क्या **वित्त मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) राष्ट्रीय निवेश और अवसंरचना कोष (एनआईआईएफ) की स्थापना के मुख्य उद्देश्य क्या हैं;

(ख) एनआईआईएफ किन महत्वपूर्ण क्षेत्रों में कार्य कर रहा है; और

(ग) विगत तीन वर्षों के दौरान एनआईआईएफ में कितनी प्रगति हुई है/क्या उपलब्धि रही है?

**उत्तर**
**वित्त राज्य मंत्री (श्री पंकज चौधरी)**

(क) और (ख): राष्ट्रीय निवेश एवं अवसंरचना कोष (एनआईआईएफ) का उद्देश्य मुख्य रूप से व्यावसायिक रूप से व्यवहार्य, ग्रीनफील्ड एवं ब्राउनफील्ड, दोनों परियोजनाओं में अवसंरचनात्मक विकास के माध्यम से आर्थिक प्रभाव को अधिकतम करना है, जिसमें रुकी हुई परियोजनाएं भी शामिल हैं। यह राष्ट्रीय स्तर पर महत्वपूर्ण विषयों तथा राष्ट्रीय स्तर पर अन्य महत्वपूर्ण परियोजनाओं पर भी विचार कर सकता है, जैसे कि विनिर्माण क्षेत्र में, यदि यह व्यावसायिक रूप से व्यवहार्य हो। एनआईआईएफ अपने उल्लिखित विजन के अनुरूप बंदरगाहों और लॉजिस्टिक्स, नवीकरणीय ऊर्जा, सड़कों, हवाई अड्डों, स्मार्ट मीटर, डिजिटल अवसंरचनात्मक ढांचे, जलवायु, किफायती आवास, स्वास्थ्य सेवा और उद्यम पूंजी/प्रौद्योगिकियों सहित राष्ट्रीय महत्व के सभी क्षेत्रों में काम करता है।

(ग) एनआईआईएफ की प्रगति/उपलब्धियां **अनुलग्नक-I** पर दी गई हैं।

****

**अनुलग्नक-I**

(10 फरवरी 2025 के लिए लोक सभा अतारांकित प्रश्न सं. 1127 के भाग (ग) के उत्तर में संदर्भित अनुलग्नक)

राशियां करोड़ रुपये में

| विवरण | मास्टर कोष-I (एमएफ-I) | निजी बाजार कोष -I (पीएमएफ-I) | रणनीतिक अवसर कोष (एसओएफ) | भारत जापान कोष (आईजेएफ) ** | कुल |
|---|---|---|---|---|---|
| कोष का कुल कॉर्पस | 15,998 | 4,281 | 8,062 | 4,908 | **33,249** |
| प्रयुक्त कुल निधियां* | 10,893 | 3,275 | 4,774 | 1,000 | **19,942** |

** - डेटा 31 दिसंबर 2024 तक का है; ** - आईजेएफ का संचालन अगस्त 2023 में ही किया गया था*

पिछले 3 वर्षों के लिए सभी एनआईआईएफ फंडों की साल-दर-साल प्रयुक्त निधियां नीचे दी गई है:

राशियां करोड़ रुपये में

| वित्तीय वर्ष 2021-22 | वित्तीय वर्ष 2022-23 | वित्तीय वर्ष 2023-24 | वित्तीय वर्ष 2024-25 अब तक |
|---|---|---|---|
| **3,422** | **3,588** | **5,756** | **1,470** |

****